
RNI NO. : MAHHIN/1998/02261

# महाराष्ट्र क्राईम्स




वर्ष 22 | अंक 01 | मुंबई, 05 नवम्बर 2022 | पृष्ठ : 8 | कीमत : 5 रुपये | प्रधान संपादक : सिराज चौधरी

## पनवेल - शील मार्ग के अतिक्रमण से वाहन चालक त्रस्त

# पुलिस, सार्वजनिक निर्माण विभाग सुस्त !

**दत्ता माने**

महाराष्ट्र राज्य मे सर्वाधिक यातायात वाले सड़को में शील-पनवेल मार्ग शीर्ष स्थान पर है। यह मार्ग थाने नगर निगम,नवी मुंबई नगर निगम, पनवेल नगर निगम को जोड़ता है। जुना पुणे - नाशिक रोड, जुना पनवेल-मुंब्रा रोड इसी मार्ग पर है। नियमों का आधार लिया जाये तो किसी भी राज्य मार्ग या राष्ट्रीय मार्ग पर किसी भी प्रकार का व्यवसाय या कारोबार रास्ते से 50 मीटर की दूरी पर किया जाना चाहिए, लेकिन शील-पनवेल इस 12 किलोमीटर लंबाई के मार्ग पर कई गोडाऊन, भंगार व्यावसायिक और होटल मालिकों ने एक मीटर की भी दूरी नहीं छोड़ी है। इस मार्ग पर कई भंगार व्यावसायिक अव्यवस्थित रूप से धंदा कर रहे है। इन भंगार व्यवसायियों के पास किसी प्रकार का परमिशन या


धानसर पुलिस निवारा केंद्र सड़क से सटकर बनी पुलिस चौकी


गजेबो होटल के बाहर पार्किंग में तैनात पुलिस सिपाही...

व्यवसाय करने हेतु जरुरी सरकारी प्रमाणपत्र नहीं है। सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि किसी मार्ग पर नवी मुंबई यातायात पुलिस की धनसर टोल नाका निवारा केंद्र नाम से एक चौकी है, जो सड़क से बिल्कुल लगकर है। जब पुलिस द्वारा ही कानून और नियमों का उल्लंघन हो रहा है तो न्याय की अपेक्षा किससे करें? ऐसा प्रश्न हमेशा वाहन चालकों के मन में आना स्वाभाविक बात है। भंगार व्यवसायिको की तरह यहां पर होटल, रेस्टोरेंट भी हैं। इन रेस्टोरेंट, होटल मालिकों ने ग्राहकों की गाड़ियां पार्किंग करने हेतु सड़क तक की जमीन पर अवैध कब्जा किया है। हम स्वयं इस मार्ग का निरीक्षण करने गये तो अजीब सा दृश्य दिखाई दिया।

गजेबो नामक एक शानदार होटल इस मार्ग पर है। इस होटल मालिक ने पार्किंग के लिए सड़क पर कब्जा किया है और इसी कब्जा के अवैध पार्किंग में कुछ पुलिस अधिकारी गाड़ी पार्क कर भोजन का आनंद ले रहे थे और पुलिस शिपाई वहां पर पहरा दे रहे थे! यह अचंभित करने वाली घटना है। क्या इन पुलिस अधिकारी और पुलिस शिपाई को यह ज्ञात नहीं है कि यहां पर अवैध रूप से पार्किंग के लिए जमीन पर कब्जा किया है।देखा जाये तो प्रश्न सामान्य है पुलिस के लिये लेकिन असामान्य

(पेज ८ पर.... )

# आदित्य ठाकरे का दावा....!

## ‘महाराष्ट्र में आने वाले महीनों में गिरेगी शिंदे सरकार, होंगे मध्यावधि चुनाव’

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे महाराष्ट्र में हुए तख्तापलट को पचा नहीं पा रहे हैं. इसकी एक बानगी सोमवार को देखने को मिली जब आदित्य ने दावा किया कि महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार आने वाले महीनों में गिर जाएगी और महाराष्ट्र में मध्यावधि चुनाव होंगे. उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से मध्यावधि चुनाव के लिए कमर कसने को भी कहा.

**छोटा पप्पू कहने पर अब्दुल सत्तार पर किया पलटवार...!**



वहीं उन्हें छोटा पप्पू कहने वाले महाराष्ट्र के कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार पर पलटवार करते हुए ठाकरे ने कहा, ‘ मैं छोटा पप्पू हो सकता हूं, लेकिन यदि मुझे छोटा पप्पू बुलाने से राज्य का कुछ भला हो सकता है तो आप मुझे इसी नाम से पुकारते रहें.’ उन्होंने आगे कहा कि यह छोटा पप्पू अभी आपको महाराष्ट्र में चला रहा है लेकिन आगे दौड़ाएगा भी, क्योंकि महाराष्ट्र ने इस विश्वासघात को स्वीकार नहीं किया है. गौरतलब है कि पिछले हफ्ते उद्धव ठाकरे ने भी राज्य में मध्यावधि चुनावों को लेकर संभावना व्यक्त की थी.

### मध्यावधि चुनाव के लिए तैयार रहें कार्यकर्ता

**अकोला में एक रैली को संबोधित करते हुए एकनाथ शिंदे सरकार पर हमला बोलते हुए आदित्य ने कहा कि चार प्रमुख परियोजनाएं महाराष्ट्र के बजाय अन्य राज्यों में चली गई, इन परियोजनाओं से राज्य की ढाई लाख की आबादी को रोजगार मिलता. रैली को संबोधित करते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा कि यह देशद्रोहियों की सरकार है जो आने वाले महीनों में निश्चित रूप से गिर जाएगी. इसलिए सभी कार्यकर्ता मध्यावधि चुनाव के लिये तैयार रहें.**

## कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार के

# घर पर तोड़फोड़...!


### सुप्रिया सुले पर टिप्पणी को लेकर भड़के NCP कार्यकर्ता...!



**मुंबईः** महाराष्ट्र की एकनाथ शंदि सरकार में कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सांसद सुप्रिया सुले को लेकर दिए बयान पर सियासत गरमा गई है। एनसीपी ने अब्दुल सत्तार के बयान का विरोध किया है और इस्तीफे की मांग की है। वहीं ठउढ के कार्यकताओं ने अब्दुल सत्तार के घर के बाहर प्रदर्शन किया। इसके दौरान कार्यकताओं ने वहां तोड़फोड़ भी की। उधर, आलोचनाओं का सामना कर रहे सत्तार ने कहा है कि यदि उनकी टिप्पणी से किसी को ठेस पहुंची है, तो उन्हें खेद है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने सुले के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की थी। दरअसल अब्दुल सत्तार, राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत ‘बालासाहेबबांची शिवसेना’ से हैं। मंत्री ने कहा कि उन्होंने महिलाओं के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की थी। औरंगाबाद जिला स्थित सिल्लोद विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे सत्तार ने सुले का जिक्र करते हुए कथित तौर पर एक अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया था, जब संवाददाताओं ने उनसे खोखे (रुपये के बक्से) तंज के बारे में सवाल किया था।उधर, एनसीपी नेता विद्या चव्हाण ने सत्तार के इस्तीफे की मांग की और कहा कि ऐसा नहीं होने पर वह राज्य में मुक्त रूप से नहीं घूम सकेंगी। एनसीपी के एक अन्य नेता एकनाथ खडसे ने भी सत्तार की कथित टिप्पणी की निंदा की और कहा कि मुख्यमंत्री को कृषि मंत्री को कुछ शिष्टाचार सिखाना चाहिए।




# बांद्रा में युवक ने किशोरी का अपहरण किया




### पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर ढूंढा

**मुंबई :** मुंबई के बांद्रा उपनगर से 14 वर्षीय लड़की का कथित रूप से अपहरण करने वाले युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, किशोरी के अपहरण के कुछ ही घंटों बाद पुलिस ने आरोपी युवक( 18 ) का पता लगा लिया। दरअसल, मुंबई के एक व्यवसायी की बेटी रविवार तड़के बांद्रा स्थित अपने आवास के पास से लापता हो गई थी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि लड़की के परिवार के सदस्यों द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद उसका पता लगाने के लिए पुलिस और अपराध शाखा के अधिकारियों की एक टीम बनाई गई। पुलिस ने इलाके के कई सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया और पाया कि एक युवक लड़की को अपने साथ ले गया था। रविवार रात पुलिस ने उपनगर दहिसर से युवक के कब्जे से लड़की को छुड़ा लिया।

महाराष्ट्र क्राईम्स
मुंबई, 05 नवम्बर 2022





## संपादकीय

# फिर प्रदूषण की मार...!

दिल्ली और इसके आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों प्रदूषण चरम पर है। अस्वस्थ लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगी है। एक अनुमान के मुताबिक, प्रदूषण में पराली की मात्रा 30 प्रतिशत से ज्यादा हो गई है। भय यह है कि आने वाले दिनों में प्रदूषण ज्यादा बढेगा। पिछले साल दिसंबर के आखिर में प्रदूषण चरम पर पहुंच गया था और इस साल अभी नवंबर की शुरूआत हुई है। अगर प्रदूषण रोकने के उपाय न किए गए, तो इस साल यह शायद सारे रिकॉर्ड तोड़ दे। ऐसा लग रहा है कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के आंकडे. अब डरा नहीं रहे हैं। प्रदूषण को लेकर आम लोग कितने चिंतित हैं, इसका अनुमान मोटे तौर पर हम दीपावली के समय हुई आतिशबाजी से लगा सकते हैं। प्रतिबंधों और दिशा-निर्देशों को मानने को हम तैयार नहीं हैं, नतीजा सामने है।


केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बता दिया कि पंजाब में पराली जलाने की घटना में 2021 की तुलना में 19 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई है। यह भी बता दिया कि हरियाणा (जहां भाजपा सत्ता में है) में पराली जलाने में 30.6 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। यह आरोप गंभीर है कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार दिल्ली को गैस चैंबर में बदलने के लिए जिम्मेदार है। दूसरी तरफ, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं के लिए केंद्र सरकार को ही जिम्मेदार ठहराया है। साथ ही यह भी कह दिया है कि वह वायु प्रदूषण को नियंत्रित नहीं कर सकती है, तो इस्तीफा दे देना चाहिए। दरअसल, पंजाब सरकार किसानों को प्रति एकड़ 2,500 रुपये नकद प्रोत्साहन देना चाहती थी, ताकि किसान पराली न जलाएं और दूसरे प्रकृति अनुकूल उपाय आजमाएं। इस योजना में केंद्र सरकार से भी पैसा देने के लिए कहा गया, पर केंद्र सरकार इसके लिए तैयार नहीं हुई, नतीजा यह कि पंजाब के किसान इस बार कुछ ज्यादा ही पराली जला रहे हैं। राजनीतिक पार्टियां यह बोल जरूर रही हैं कि पर्यावरण पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, पर किसी की चुप्पी हो या आरोप, सबके पीछे राजनीति ही है। प्रदूषण घटाने के लंबे-चौड़े वादे करने वाले अपने-अपने सियासी झुकाव के हिसाब से आचरण कर रहे हैं। पराली जलाने की कुप्रथा के अंत के लिए किसी आंदोलन की जरूरत क्या किसी को महसूस नहीं हो रही?

यह सही है किसानों के खिलाफ कडे.कदम समाधान नहीं हैं। उन्हें जल्दी गेहूं बोने के लिए खेत तैयार करने हैं, उन्हें क्या कहा जाए? हालांकि, जिस दिल्ली तक पंजाब के किसान प्रदूषण पहुंचा रहे हैं, उस दिल्ली में क्या उनका कोई परिजन, मित्र नहीं रहता है? कोई भी देश कानून या कड़ाई से नहीं बनता, अपने लोगों के निहित स्वार्थों से नहीं बनता। देश तब बनना शुरू होता है, जब लोग एक-दूसरे के हित में सोचना शुरू करते हैं। बेशक, पराली जलाने की कुप्रथा से देश बिगड़ रहा है, लोगों को सोचना चाहिए, तभी शायद सरकारें भी सोचना शुरू करेंगी। पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और भूमि को जो स्थायी नुकसान हो रहा है, उस पर समग्रता में सोचना पड़ेगा। पराली के अलावा भी उन तमाम प्रदूषकों पर लगाम के बारे में सोचना होगा, जिनसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की पूरी दुनिया में लगभग साल भर बदनामी होती रहती है। अब समय आ गया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आर्थिक या भौतिक विकास के अत्यधिक दबाव को घटाने के बड़े प्रयास युद्ध स्तर पर किए जाएं।

# सोशल मीडिया की फीस...!

ट्विटर पर आधिकारिक मालिकाना अधिकार हासिल करने के बाद एलन मस्क अपने कदमों से लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं। प्रबंधन के शीर्ष क्रम को फारिग करने और भारी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी के बाद अब उन्होंने इस सोशल मीडिया मंच के 'यूजर्स' को सत्यापित पहचान देने वाले 'ब्लू टिक' के एवज में उनसे प्रतिमाह आठ डॉलर वसूलने का एलान किया है। जाहिर है, इस पर दुनिया भर में बहस खड़ी हो गई है, लेकिन मस्क ने भी साफ कर दिया है कि चाहे उनकी जितनी आलोचना की जाए, वह अपना यह कदम वापस नहीं लेने वाले। सोशल मीडिया का कारोबार मूलतः विज्ञापनों पर टिका है और इनसे होने वाली कमाई कितनी बड़ी है, इसका अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले साल ट्विटर ने विज्ञापनों से करीब 4.5 अरब डॉलर की कमाई की, जो उसकी कुल आय का 89 प्रतिशत था। यह एक लोकप्रिय मंच है और दुनिया भर में इसके करीब 45 करोड़ यूजर्स हैं, जिनमें सर्वाधिक अमेरिकी हैं।

अमेरिका में तो ट्विटर इतना प्रभावशाली माध्यम बन चुका है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने तमाम बड़े नीतिगत फैसलों का




एलान इस पर ही किया करते थे। अब तो दुनिया भर के तमाम शासनाध्यक्ष इसका इस्तेमाल प्रामाणिक मीडिया के रूप में करने लगे हैं। जाहिर है, एलन मस्क ने 44 अरब डॉलर लगाकर यदि ट्विटर को खरीदा है, तो वह इससे मुनाफा बटोरने की भी कोशिश करेंगे, लेकिन इसके लिए उन्हें कुछ अन्य रास्ते तलाशने चाहिए थे, क्योंकि खुद उन्होंने इसे मुक्त अभिव्यक्ति का प्रामाणिक मंच बनाने की बात कही थी।

अब सत्यापन पर शुल्क आयद करके वह चिड़िया को आजाद नहीं कर रहे, बल्कि उसे पूंजी वालों की कैद में दे रहे हैं। दुनिया के तमाम खित्तों से समय-समय पर यह आरोप लगते रहे हैं कि सोशल मीडिया के विभिन्न मंच अलग-अलग देशों में सरकार व सत्ताधारियों के दबाव में न केवल विपक्ष की आवाज दबा रहे हैं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भी गैर-वाजिब हस्तक्षेप कर रहे हैं। ऐसे में, ब्लू टिक के बदले शुल्क वसूलने से ट्विटर पर गैर-बराबरी बढ़ेगी, जो सोशल मीडिया की मूल विशेषता के विपरीत है। फिर क्या गारंटी कि बड़े लोगों या संगठनों के नाम पर सत्यापित अकाउंट बनाकर मासूम लोगों को ठगना आसान नहीं हो जाएगा? खुद एलन मस्क के अकाउंट के क्लोन की घटना इसकी एक बानगी है। निस्संदेह, सोशल मीडिया के जरिये अनेक यूजर्स, खासकर यू-ट्यूब व इंस्टाग्राम से सेलिब्रिटी यूजर्स अच्छी-खासी कमाई कर रहे हैं, पर उसकी कीमत आम यूजर्स को क्यों चुकानी चाहिए? ट्विटर ब्लू टिक के बदले जितना शुल्क मासिक रूप से बटोरना चाहता है, भारत की एक विशाल आबादी के पास तो अपने बच्चों की स्कूल फीस के लिए भी उतने पैसे नहीं होते। यह ठीक है कि विभिन्न देशों में अलग-अलग फीस रखने की बात कही जा रही है, तब भी उसके औचित्य पर सवाल उठेंगे। सोशल मीडिया के मंचों द्वारा फीस वसूलने की सूरत में यह अपेक्षा भी की जाएगी कि उनकी जवाबदेही के सख्त मापदंड हों।

# बदहाली की शिक्षा...!

*एक साल में बीस हजार स्कूलों का बंद होना गंभीर चिंता की बात है। ये वे स्कूल हैं जिनमें ज्यादातर निम्न आय वर्ग व वंचित समाज के लोग उम्मीदों से पहुंचते हैं। निस्संदेह, यह स्थिति सत्ताधीशों की लोक-कल्याणकारी दायित्वों से मुक्त होने की कहानी भी कहती है। उससे भी ज्यादा चिंता की बात यह कि इस दौरान निजी स्कूलों के एक लाख शिक्षकों ने नौकरी गंवाई है। यदि इस सर्वेक्षण के आंकड़ों को सही मान भी लिया जाये तो भी शैक्षिक जगत की गंभीर विसंगति उजागर ही होती है।*



हालात इशारा कर रहे हैं कि देश में शैक्षिक ढांचा लगातार इंडिया और भारत में तब्दील होता जाता रहा है। एक तरफ संपन्न तबके, पूंजीपतियों, नेताओं व नौकरशाहों के बच्चे महंगे स्कूलों में शिक्षित व प्रशिक्षित हो रहे हैं, वहीं सरकारी स्कूलों की बदहाली में विस्तार जारी है। राजनीतिक भ्रष्टाचार की तपिश से भी शिक्षा की कोंपलें मुरझायी ही हैं। शिक्षा मंत्रालय की स्कूल एजुकेशन पर हालिया रिपोर्ट तो कम से कम यही बताती है। पिछले दिनों शिक्षा मंत्रालय के यूनीफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफोर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस यानी यूडीआईएसई+ की 2021-22 के लिये जारी वार्षिक रिपोर्ट के आंकड़े तो कम से कम यही कहते हैं। एक साल में बीस हजार स्कूलों का बंद होना गंभीर चिंता की बात है। ये वे स्कूल हैं जिनमें ज्यादातर निम्न आय वर्ग व वंचित समाज के लोग उम्मीदों से पहुंचते हैं। निस्संदेह, यह स्थिति सत्ताधीशों की लोक-कल्याणकारी दायित्वों से मुक्त होने की कहानी भी कहती है। उससे भी ज्यादा चिंता की बात यह कि इस दौरान निजी स्कूलों के एक लाख शिक्षकों ने नौकरी गंवाई है। यदि इस सर्वेक्षण के आंकड़ों को सही मान भी लिया जाये तो भी शैक्षिक जगत की गंभीर विसंगति उजागर ही होती है। निस्संदेह, कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया के शैक्षिक ढांचे की चूलें हिला दी। पूरी दुनिया में गरीब तबके के करोड़ों विद्यार्थी, खासकर ज्यादातर लड़कियां फिर कभी स्कूलों का मुंह नहीं देख पाएंगी। उनके परिवारों पर महामारी के दौरान जीविका का संकट कहर बनकर बरपा है। निस्संदेह उनकी प्राथमिकता पहले रोटी रही है, शिक्षा उनके लिये गौण विषय रहा है। इस रिपोर्ट में भारतीय शैक्षिक ढांचे की हकीकत भी उजागर हुई है। रिपोर्ट बताती है कि सर्वेक्षण में शामिल देश के करीब 53 फीसदी स्कूलों में कंप्यूटर की सुविधा नहीं थी। वहीं 66 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट नहीं पहुंचा। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोरोना संकट के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई के दावे कितने खोखले रहे होंगे? इन बच्चों की पढ़ाई का महामारी काल में कितना नुकसान हुआ होगा? क्या ये बच्चे भविष्य में निजी स्कूलों के छात्रों से मुकाबला कर पायेंगे? रिपोर्ट के अन्य कई आंकड़े शैक्षिक जगत में विशाल खाई की असलियत उघाड़ देते हैं। रिपोर्ट बताती है कि बिहार के 89 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा नहीं है। करीब 83 फीसदी स्कूलों में प्रोजेक्टर से पढ़ाई की व्यवस्था नहीं है। देश के 23 प्रतिशत स्कूलों में खेल के मैदान नहीं हैं। करीब 83.3 फीसदी स्कूलों में लाइब्रेरी नहीं है। आधुनिक शिक्षा से कोसों दूर इन स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों का भविष्य क्या होगा, जहां दस फीसदी से अधिक स्कूलों में बिजली नहीं पहुंची है।



# मुंबई में बिना बिके घरों की संख्या 3.40 लाख... !

## कोरोना काल के बाद दर्ज की गयी गिरावट



**मुंबई :** ठाणे और नवी मुंबई जैसी जगहों पर घरों की भारी मांग है, लेकिन घरों को लेकर खुद मुंबई की स्थितिकुछ अलग नजर आती है।एक रिपोर्ट के अनुसार मुंबई में बिना बिके घरों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है. इस समय ऐसे घरों की संख्या बढ़कर लगभग 3 लाख 40 हजार हो गई है। हालांकि जानकारों का मानना है कि साल के अंत तक यह संख्या और भी बढ़ सकती है। बता दें कि रियल एस्टेट में विकास को लेकर रिसर्च कंपनी Laize Foras द्वारा जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ये आंकड़े 30 सितंबर तक के हैं। इनमें से एक तिहाई घर बिना बिके यानी करीब एक लाख घर मुंबई में हैं। वहीं ठाणे, पनवेल, नवी मुंबई जैसे शहर इस मामले में मुंबई से नीचे हैं। मुंबई में बिना बिके घरों में से 30 फीसदी यानी 1 करोड़ से कम दाम के हैं जबकि 70 फीसदी घर 2 करोड़ तक के हैं। बिना बिके घरों में से 75 प्रतिशत 2 बीएचके हैं। पिछली बार यह संख्या करीब तीन लाख थी। राज्य सरकार द्वारा डेवलपर्स को कारपेट एरिया शुल्क में रियायतें देने के बाद शहर में डेवलपर्स द्वारा कई नई परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। इसलिए, आने वाले वर्षों में बिना बिके घरों की संख्या में और वृद्धि होने की उम्मीद जताई जा रही है। नाइट फ्रैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई में घरों की बिक्री अक्टूबर 2022 के अंत तक 1 लाख का आंकड़ा पार कर गई है। दस महीने में यह आंकड़ा दोगुना हो सकता है। अगर देखा जाए तो 2020 में घरों की बिक्री चरम पर पहुंच गई थी। लेकिनी कोरोना काल के बाद इसमें बड़ी गिरावट दर्ज की गयी है।

# मशीन बेचने के नाम पर 4.35 लाख की ठगी

## मुंबई में पकड़ाया आरोपी

**मुंबई :** पॉलीथीन मेकिंग मशीन बेचने के नाम पर चार लाख 35 हजार रुपए की ठगी करने वाले आरोपी जोसेफ जॉन डीसोजा(48) निवासी नागसेन कॉलोनी उल्हासनगर (महाराष्ट्र) को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया। डौंडीलोहारा थाने में यह मामला आने के बाद अपराध दर्ज कर साइबर सेल एवं डौंडीलोहारा से विशेष टीम गठित कर एसपी डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने आरोपी को गिरफ्तार करने मुंबई रवाना किया था। प्रार्थी किशन साहू निवासी प्रेमनगर डौंडीलोहारा ने 29 मई को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि आरोपी ने पॉलीथीन मेकिंग मशीन बिक्री करने के नाम से कुल 4 लाख 35 हजार रुपए ठगी किया है।





जिसके बाद धारा 420 के तहत आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज हुआ था। जांच के दौरान आरोपी के संबंध मे महत्वपूर्ण जानकारी व तकनीकी साक्ष्य एकत्रित करने में ही तीन माह लग गए। जिसके बाद टीम को मुंबई रवाना किया गया। मुंबई में ही गिरफ्तारी की कार्यवाही कर कोर्ट में रविवार को पेश किया गया। आरोपी को पकड़ने गठित टीम में एएसआई विश्राम लाल साहू, आरक्षक यज्ञदत्त ठाकुर, राहुल मनहरे, चंद्रशेखर यादव, मिथलेश यादव शामिल थे।

# सौर ऊर्जा के माध्यम से ई-चार्जिंग का प्रयोग

## पुणे के 18 पार्किंग स्थल शामिल



**पुणे:** पुणे महानगरपालिका के स्वामित्व वाले पुणे शहर में विभिन्न पार्किंग स्थलों पर सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की गई हैं। इस परियोजना से बिजली उत्पादन का उपयोग ई-वाहनों को चार्ज करने के लिए किया जाएगा। इस संबंध में पायलट प्रोजेक्ट पुणे रेलवे स्टेशन के पार्किंग एरिया से शुरू किया जाएगा। पीएमसी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए बिजली से चलने वाली कारों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। यद्यपि ई-वाहनों के इस्तेमाल की नीति तय हो गई है, लेकिन चार्जिंग स्टेशन नहीं होने के कारण इन वाहनों को पूरी क्षमता से इस्तेमाल करने में दिक्कत हो रही है। इसलिए पीएमसी सौर ऊर्जा के जरिए ई-चार्जिंग के प्रयोग को लागू करने जा रही है। पीएमसी के पास शहर के विभिन्न हिस्सों में बहुमंजिला पार्किंग स्थल हैं। पार्किंग की छत पर सोलर पावर प्लांट लगाना संभव है। इस संबंध में शहर में पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया गया। यह परियोजना पुणे रेलवे स्टेशन क्षेत्र के तुकाराम शिंदे पार्किंग स्टेशन पर पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू की जाएगी। अन्य पार्किंग स्थलों में इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। पीएमसी के बिजली विभाग के प्रमुख श्रीनिवास कांडुल ने बताया कि अंतिम योजना तैयार कर ली गई है। ई-वाहनों के उपयोग को लेकर पीएमसी में अलग से विभाग चालू किया गया है। इन वाहनों का उपयोग पीएमसी के काम और निरीक्षण दौरों के लिए किया जा रहा है। हालांकि, चार्जिंग स्टेशन नहीं होने के कारण पीएमसी के वाहनों को पिंपरी-चिंचवड के भोसरी जाना पड़ता है। इसलिए इसके लिए रास्ता खोजा जा रहा है। पुणे रेलवे स्टेशन क्षेत्र में पार्किंग स्थल पर 300 किलोवाट की क्षमता वाली एक सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित की जाएगी। इस पार्किंग स्थल के बगल में एक पीएमपीएमएल गैरेज है और इलेक्ट्रिक कारों (ई-बसों), दोपहिया और चार पहिया वाहनों को चार्ज करना संभव होगा।

# प्लंबिंग का काम दिलाने के नाम पर 96 लाख की ठगी

**ठाणे :** प्लंबिंग का काम दिलाने के बहाने खारघर सेक्टर-27 में रहने वाले प्लंबर से 96 लाख रुपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। खारघर पुलिस ने जालसाज सचिन बिलूर नामक एक जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। नवी मुंबई के खारघर सेक्टर-27 के रंजनपाड़ा में नीतीश कुमार प्रजापति (27) अपने परिवार के साथ रहता है और प्लंबर का काम करता है।

ठगी करने वाला आरोपी सचिन बिलुर खारघर सेक्टर-18 का रहने वाला है। जून 2020 में नीतीश कुमार और सचिन बिलूर दोनों काम के सिलसिले में मिले थे। इस परिचित के बाद सचिन बिलूर फोन पर नीतीश कुमार के संपर्क में रहा और उसे प्लंबिंग का काम दिलाने का लालच दिया। उसके बाद उसके पास से आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य दस्तावेज बरामद किए थे। मार्च 2021 में नीतीश कुमार ने नौकरी पाने की आस में सचिन के व्हाट्सएप पर अपने दस्तावेज भेजे थे। उस समय आरोपी सचिन बिलूर ने उक्त दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल करते हुए नीतीश कुमार के आधार पर अपनी फोटो लगाकर फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड बनाया।





उसने एक ही दस्तावेज का इस्तेमाल कर 7 अलग-अलग बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लाखों रुपये का कर्ज लिया। मार्च 2022 में, डीसीबी बैंक ने नीतीश कुमार से संपर्क किया और उन्हें उनके नाम पर ऋण के बारे में सूचित किया, नीतीश कुमार ने आगे की पूछताछ की.




महाराष्ट्र क्राईम्स
मुंबई, 05 नवम्बर 2022





# भाजपा और शिंदे गुट के करीब आ रहे राज ठाकरे... !

## कई मौकों पर मिले संकेत, क्या बदलेगी राज्य की राजनीति?



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में बदलते राजनीतिक समीकरणों के साथ राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की नजदीकियां भाजपा और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट की ओर बढ़ती दिखाई दे रही हैं। तीनों दलों के नेता कई मौकों पर एक दूसरे का समर्थन करते दिखें हैं। वहीं मुंबई निकाय चुनावों से पहले तीनों नेताओं की नजदीकियों को एक बड़ी रणनीति के तौर पर देखी जा रही है। वहीं उद्धव गुट वाली शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस के महाविकास अघाड़ी को कड़ी टक्कर देने के लिए भाजपा भी मनसे को अपने करीब लाना चाहती है। कुछ ऐसे मौके भी आए जब तीनों नेताओं को एक मंच पर देखा गया। पिछले महीने, राज ठाकरे ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक पत्र लिखा था, जिसमें उनसे शिवसेना के दिवंगत विधायक रमेश लटके की पत्नी के पक्ष में अंधेरी पूर्व विधानसभा उपचुनाव से भाजपा के उम्मीदवार को वापस लेने का आग्रह किया गया था। भाजपा ने बाद में अपने उम्मीदवार को वापस ले लिया था, जिसके लिए राज ठाकरे ने फडणवीस को धन्यवाद दिया था।

### दिवाली की पूर्व संध्या पर तीनों नेताओं की मुलाकात...!

**बता दें कि दिवाली की पूर्व संध्या पर राज ठाकरे की पार्टी मनसे के दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीएम शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस पहुंचे थे जिसके बाद से ही सियासी अटकलें और तेज हो गईं। तीनों एक साथ मनसे प्रमुख के आवास से शिवाजी पार्क में कार्यक्रम स्थल पर गए थे।**

### राज ठाकरे ने पत्र लिखकर फडणवीस को वफादार बताया था

**महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन के बाद, भाजपा और शिंदे गुट के नेताओं ने राज ठाकरे से अलग-अलग मौकों पर मुलाकात की। शिंदे और फडणवीस दोनों ने मनसे प्रमुख से अलग-अलग मुलाकात भी की थी। राज ठाकरे ने फडणवीस को एक पत्र भी लिखा, जिसमें उन्होंने राज्य के उपमुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करके अपनी पार्टी के प्रति वफादारी और प्रतिबद्धता की मिसाल कायम करने के लिए उनकी सराहना की।**

# मुंबई हवाई अड्डे पर पोलैंड का एक नागरिक गिरफ्तार... !

## 18 करोड़ रुपये की हेरोइन मिली



सीबीआई ने सोमवार (7 नवंबर) को मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पोलैंड के एक नागरिक को गिरफ्तार किया. उसके पास से छह किलो हेरोइन मिली है, जिसकी अनुमानित कीमत 18 करोड़ रुपये बताई जा रही है. सीबीआई सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किया गया पोलिश नागरिक जसिंकी आंद्रेजेज विस्लॉ है जो इथियोपिया के रास्ते जिम्बाब्वे से आ रहा था.

### डायरेक्टर ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने 86.5 किलोग्राम ड्रग्स जब्त किया था

डायरेक्टर ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की मुंबई जोनल यूनिट के अधिकारियों ने मुंबई एयरपोर्ट के एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स में दो अमेरिकी-मूल के कूरियर कंसाइनमेंट को इंटरसेप्ट किया था. खुफिया जानकारी के आधार पर जांच में अधिकारियों को करीब 86.5 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाला हाइड्रोपोनिक ड्रग्स मिला था. ड्रग्स की इस खेप को 'आउटडोर कंक्रीट फायर पिट' के रूप में पार्सल बताया गया था और इसे महाराष्ट्र में मुंबई के नजदीक भिवंडी के लिए भेजा था.

### 2 लोगों को किया गया था गिरफ्तार

देश की कई एजेंसी की सामूहिक कार्रवाई में ये ड्रग्स जब्त किया गया. भिवंडी इलाके में इस ड्रग्स से जुड़े एक गोदाम और कार्यालय परिसर के संबंधित पते पर आगे की जांच और तलाशी भी की गई. जांच के बाद ड्रग कार्टेल पर कार्रवाई हुई, जिसके बाद महाराष्ट्र से दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है.

### 40 करोड़ की ड्रग्स

हाई क्वालिटी वाले हाइड्रोपोनिक ड्रग्स का मूल्य अवैध बाजार में 39.5 करोड़ रुपये बताया गया था. अभी के वक्त में ड्रग्स की जब्ती अमेरिकी मूल के हाइड्रोपोनिक गांजा ड्रग्स के इंपोर्ट एक खतरनाक मामला है. मुंबई में विदेश से होने वाली मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर सीमा शुल्क विभाग सख्त है. अधिकारी इन गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं. अधिकारियों की सतर्कता के चलते हफ्तेभर के भीतर दो बार करोड़ों रुपये का कोकीन को जब्त किया जा चुका है. मुंबई में विदेश से होने वाली मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर सीमा शुल्क विभाग सख्त है. अधिकारी इन गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं. अधिकारियों की सतर्कता के चलते दो महीनों के भीतर करोड़ों रुपये का कोकीन को जब्त किया जा चुका है.

### पिछले महीने पकड़ी गई थी कोकीन

**मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 9.8 करोड़ रुपये का कोकीन जब्त किया था. कोकीन इथियोपिया की राजधानी आदिस अबाबा से इथियोपियाई एयरलाइंस की फ्लाइट ईटी-610 के जरिये मुंबई लाई गई थे. बाद में, मादक पदार्थों की तस्करी के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था. अधिकारियों ने आरोपी से 980 ग्राम कोकीन बरामद किया था. आरोपी ने मादक पदार्थ को अंडरगारमेंट में छुपा रखा था.**

# महाराष्ट्र से दुर्ग लेकर आ रहा था 3600 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल, युवक पकड़ाया



**महाराष्ट्र :** जिला पुलिस ने प्रतिबंधित दवाइयों और कैप्सूल की बिक्री करने वालों पर कार्रवाई तेज कर दी है। इसके तहत चिचोला पुलिस ने एक युवक को प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके पास से कुल 3600 प्रतिबंधित कैप्सूल जब्त किया गया है। एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि चिचोला पुलिस की टीम ने एलबी नगर मोड़ में नारायगढ़ के पास नेवई दुर्ग निवासी ठाकुर राम पटेल को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के बैग की जांच की गई। जिसमें 3600 प्रतिबंधित कैप्सूल मिले। आरोपी ठाकुर राम ने पुलिस को बताया कि वह महाराष्ट्र की बस से चिचोला पहुंचा। जहां से दुर्ग जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था। पुलिस टीम लगातार प्रतिबंधित दवाइयों की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्रवाई कर रही है। सूचना तंत्र से पुलिस को कैप्सूल की तस्करी की जानकारी मिली। इसके बाद यह कार्रवाई की।

# पुणे-मुंबई राजमार्ग पर ऑटो रिक्शा और बस के हादसे में 2 की मौत, 3 घायल




**महाराष्ट्र :** पुणे-मुंबई पुराने राजमार्ग पर खंडाला बोर घाट के सायमल में एक रिक्शा और बस के बीच हुए भीषण हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद राजमार्ग पर ट्रैफिक जाम लगा रहा, जिसे हटाने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रिक्शा संख्या (एमएच-14-एचएम-5296) में रेलवे कर्मचारी लोनावला के वेट एंड जॉय वाटर पार्क में छुट्टियां बिताने के बाद खोपोली रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे। रिक्शा चालक ने बोर घाट में सायमल के पास एक खड़ी ढलान पर नियंत्रण खो दिया और रिक्शा पलट गया। उसी दौरान बस नँबर (एमएच-04-जी-9925) खोपोली से पुणे जा रहा था, ने रिक्शा को चालक की साइड को टक्कर मार दी।

यह हादसा इतना गंभीर था कि 26 वर्षीय कुमार गौरव गौतम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 27 वर्षीय असीमंजय त्रिपाठी की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। हादसे में राघवेंद्र राठौड़, सौरभ पाठक घायल हुए हैं। रिक्शा चालक किरण वाघमारे मामूली रूप से घायल हैं। यह भयानक हादसा खोपोली पुलिस स्टेशन की सीमा में हुआ। हादसे के शिकार लोगों की मदद के लिए सहायक पुलिस निरीक्षक हरीश कालसेकर और उनके कर्मचारी और सामाजिक संगठनों के सदस्य मौके पर पहुंचे। हादसे के बाद कुछ देर के लिए ट्रैफिक जाम लग गया।

ट्रैफिक पुलिस बोर घाट डिवीजन


# बच्ची से बलात्कार के मामले में एक व्यक्ति को 10 साल के कठोर कारावास की सजा...

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने 2018 में पांच वर्षीय एक बच्ची से बलात्कार के मामले में एक व्यक्ति को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश वी. वी. वीरकर ने शनिवार को अपने आदेश में 36 वर्षीय आरोपी को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया और उस पर कुल 25,000 रुपये का जुमार्ना लगाया। विशेष लोक अभियोजक रेखा हिवराले ने कहा कि न्यायाधीश ने आरोपी द्वारा बच्चे पर किए गए अपराध को गंभीरता से लिया और कहा कि अभियोजन पक्ष ने आरोपी के खिलाफ सभी आरोपों को साबित किया।



अभियोजक ने अदालत को बताया कि आरोपी और पीड़िता ठाणे के भिवंडी शहर में एक ही इलाके में रहते थे। पीड़िता, उसका भाई और बहन 14 अक्टूबर, 2018 को प्रसाद लेने के लिए एक मंदिर गए थे।

अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि आरोपी पीड़िता को कोल्डड्रिंक दिलाने के बहाने अपने साथ सुनसान जगह पर ले गया और उससे दुष्कर्म किया। बाद में पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने माता-पिता को दी, जिन्होंने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार इसके बाद, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया।






**मेष –** घर पर काम करते समय खास सावधानी बरतें. घरेलू चीजों को लापरवाही से इस्तेमाल करना आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है. निवेश के लिए अच्छा दिन है, लेकिन उचित सलाह से ही निवेश करें. शाम का वक़्त दोस्तों के साथ बिताना दिलचस्प तो रहेगा ही, साथ ही छुट्टी साथ बिताने की योजनाओं पर भी चर्चा हो सकेगी. जिसे आप चाहते हैं, उसके साथ आपका तल्ख रवैया आपके रिश्ते में दूरी बढ़ा सकता है. जल्दबाजी में फैसले न करें, ताकि जिन्दगी में आगे आपको पछताना न पड़े. जीवनसाथी के खराब स्वास्थ्य की वजह से आपका कामकाज प्रभावित हो सकता है. लव पार्टनर के साथ रिलेशन अच्छा रहेगा. प्रेमिका कुछ अच्छा उपहार दे सकती है. वैवाहिक जीवन में तनाव रहने वाला है. अविवाहित जातक शादी के लिए तैयार हो सकते हैं.

**वृष –** खुद के लिए पर्याप्त समय रहेगा, जिसका आप पूरा फायदा उठायेंगे. मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है, धनलाभ के बेहतर अवसर मिलेंगे. जीवनसाथी के साथ शॉपिंग के लिये जा सकते हैं. अपने लिये कोई ड्रेस पसंद आ सकती है. स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा. मेहनत का पूरा-पूरा फायदा मिलेगा. आसपास के लोगों से भी सहयोग मिलेगा. सूर्यदेव को नमस्कार करें, आपके धन में वृद्धि होगी.

आप भावनात्मक बदलाव महसूस करेंगे. महिना रोमांटिक है. नए मित्र बन सकते हैं और विवाह के रिश्ते आ सकते हैं. पति- पत्नी आज प्रेम के बेहतरीन क्षण गुजारेंगे. आपका साथी आपकी हर योजना में साथ देगा.

**मिथुन –** घर पर मेहमानों का आना दिन को बढ़िया और खुशगवार बना देगा. भोलेनाथ की कृपा दृष्टि लगातार बनी रहेगी. नया काम शुरू करने के लिए समय आपके अनुकूल है. घर-परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी. पिछले दिनों से चल रही लेन-देन की कोई बडी डील तय हो जाने की खुशी होगी मानसिक रुप से स्वस्थ्य रहेंगें. बेवजह किसी से तनाव उत्पन्न हो सकता है. धन के खर्चे बढ़ेंगे. बदलते मौसम से खुद को बचाकर रखना जरुरी होगा.

किसी साथी के प्रति आकर्षण बढ़ेगा. अविवाहिक जातक लव लाइफ की शुरूआत कर सकते हैं. नए पार्टनर के साथ अधिक से अधिक समय बिताने वाले हैं. जीवनसाथी के साथ किसी यादगार पल को समेटने वाले हैं.

**कर्क –** अपने काम-से-काम रखना बेहतर रहेगा. कम-से-कम दखल दें, नहीं तो इससे निर्भरता बढ़ सकती है. अतिरिक्त आय के लिए अपने सृजनात्मक विचारों का सहारा लें. जिद्दी बर्ताव न करें- इसके चलते दूसरे आहत महसूस कर सकते हैं. प्रेमी एक-दूसरे की पारिवारिक भावनाओं को समझेंगे. सड़क पर बेकाबू गाड़ी न चलाएँ और बेजा खतरा मोल लेने से बचें. आज आप अकेला महसूस कर सकते हैं. साथी की तलाश है, लेकिन काम में व्यस्त रहते हैं. आफिस का साथी आपसे दोस्ती बढ़ाने की कोशिश करेगा. छुट्टी लेकर परिवार के साथ समय बिता सकते हैं.

**सिंह –** यह महिना खुशियाँ लेकर आया है. जिस काम को आप शुरू करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा. इस राशि के स्टूडेंट्स के लिये सकारात्मक रहेगा. किसी जॉब के लिए दिए गए इंटरव्यू में सफलता मिलेगी. सलेक्शन के लिए कॉल भी आ सकती है. आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा. किसी काम में की गयी कम मेहनत से भी अधिक फायदा हो सकता है. यात्रा का कोई कार्यक्रम आज टल सकता है. मंदिर जाकर कुछ समय व्यतीत करें, लाभ के अवसर प्राप्त होंगे.

लव पार्टनर से मिलने का ख्याल मन में आएगा. प्रेमिका किसी बात को लेकर खफा हो सकती है. पुराने प्रेमी का संदेश मिल सकता है. शादीशुदा लाइफ में खुशियां आने वाली है. विवाह में देरी हो सकती है.

**कन्या –** परिवार के सदस्यों और मित्रों के साथ आप खूब मस्ती करेंगे. जरूरत से ज्यादा वक़्त और पैसा मनोरंजन पर खर्च न करें. भोलेनाथ की अपार कृपा दृष्टि आज सिंह राशि पर बनी रहेगी. शरीर में थकान और आलस्य एवं मन में अशांति की अनुभूति होगी. मानसिक चिंताएं बनेंगी. आर्थिक हानि भी हो सकती है. बेवजह किसी से विवाद परेशानी उत्पन्न कर सकते है. नवीन लोगों के साथ मित्रता होगी. नवविवाहित जोड़े शादीशुदा जींदगी में बेहद संतोष का अनुभव करेंगे.

अपने आत्मविश्वास को विचलित न होने दें, क्योंकि यह प्रेम की डोर को कमजोर करेगा. लव पार्टनर से अचानक सरपराईज मिलेगा. नव विवाहित जोड़ों को अपने- अपने पार्टनर का विशेष ध्यान रखना होगा.

**तुला –** हर निवेश को सावधानीपूर्वक अंजाम दें और गैर-जरूरी नुकसान से बचने के लिए उचित सलाह लेने में न हिचकिचाएँ. घरेलू मोर्चे पर समस्या खड़ी हो सकती है, इसलिए तोल-मोल कर ही बोलें. कामकाज में व्यस्तता के चलते रोमांस को दरकिनार होना पड़ेगा. यात्रा करना फायदेमंद लेकिन महंगा साबित होगा. बाहरी लोगों के हस्तक्षेप के बावजूद आपको जीवनसाथी के द्वारा हर संभव तरीके से समर्थ मिलेगा.

आपका पहला आकर्षण प्यार में तब्दील होगा. कार्यस्थल पर प्यार का प्रस्ताव मिलेगा. शादीशुदा लाइफ में पार्टनर से बहस हो सकती है. प्रेमिका के मनोरंजन के साधन में धन खर्च होगा.

**वृश्चिक –** आपका महिना बेहतरीन रहेगा. कोई जरूरी काम आसानी से पूरा हो सकता है. पुराने मित्रों से मिलने का मौका मिलेगा. कहीं घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं. आज आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी. आप खुद को फिट महसूस करेंगे. परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा. दाम्पत्य जीवन में मधुरता आयेगी. पहले किये गये कार्यों में सफलता मिल सकती है. भौतिक सुखों में वृद्धि होगी. कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा. अपने इष्टदेव को प्रणाम करें, आपके जीवन में खुशियों की बौछार होगी.

अविवाहित नवयुवक एवं युवतियों के विवाह का योग बन रहे हैं. काम की अधिकता के चलते जीवनसाथी से दूरियां बनी रहेंगी. शादी की बात पक्की हो सकती है.

**धनु –** आपको मानसिक अशांति का अनुभव हो सकता है. वाणी की मधुरता से अन्य लोगों को प्रभावित कर पाएंगे. थोड़े समय में लाभ लेने की लालच छोड़ने और पूंजी निवेश में ध्यान रखें. कार्य अपूर्ण रह जाने की पूरी संभावना है. स्त्री मित्रों से हुई मुलाकात प्रसन्नता देगी. शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर सकेंगे. स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है. कामकाज अच्छा रहेगा. किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा विष्वासघात हो सकता है.

लव पार्टनर से फोन पर बहस होगी. आपसी शक के कारण तनाव की स्थिति उत्पन्न होगी. हालांकि कुछ दिनों के बाद स्थिति सामान्य हो जाएगी. प्रेमिका के शैक्षणिक कार्यों में धन खर्च होगा.

**मकर –** अगर आप सूझ-बूझ से काम लें, तो अतिरिक्त धन कमा सकते हैं. मुमकिन है कि घर में आपको अपने बेपरवाह रवैये की वजह से आलोचना का सामना करना पड़े. पुरानी यादों को जेहन में जिंदा कर दोस्ती को फिर से तरोताजा करने का वक़्त है. लोग आपकी वह प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे. आप एक बार फिर समय में पीछे जाकर शादी के शुरूआती दिनों के प्यार और रुमानियत को महसूस कर सकते हैं.

आफिस में काम का दबाव होने के कारण अपने प्रेमी को ज्यादा समय नहीं दे पाएंगे. लव पार्टनर को खुश करने के लिए फूल गिफ्ट कर सकते हैं. सकारात्मक सोच के साथ लव रिलेशन में आगे बढ़ें.

**कुंभ –** आपकी कड़ी मेहनत रंग लाएगी. काम के लिहाज से  का दिन बेहतर है. सभी कामों में सफलता हासिल होगी. माता का सहयोग प्राप्त होगा. आय में बढ़ोतरी के पूरे आसार हैं. सामाजिक सम्मान बढ़ेगा. पुरानी समस्या सुलझ जायेगी. इस राशि के अविवाहित लोगों के लिए विवाह के कई प्रस्ताव आयेंगे. ह्यश्री गणेशाय नमःह्न मंत्र का 11 बार जाप करें, आपके काम मन-मुताबिक सफल होंगे.

किसी अनजान के प्रति आकर्षित हो सकते हैं. लव लाइफ में प्रेमिका से मनमुटाव होगा. किसी पुरानी साथी का संदेश मिलेगा. प्रेमिका के साथ मस्ती करने वाले हैं. शादीशुदा लाइफ में पत्नी की डिमांड पूरी करेंगे, जिससे आपसी प्यार बढ़ेगा.

**मीन –** आपको दूसरों की जरूरतों पर भी ध्यान केन्द्रित करना चाहिए. आज अगर आप किसी विवाद में उलझ जाएँ तो तल्ख टिप्पणी करने से बचें. नकारात्मक मानसिकता न रखें. पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा. व्यावहारिक प्रसंग के कारण यात्रा कर सकते हैं. नए कार्यो के आरंभ के लिए शुभ दिन है. आप लोगों की परवाह किए बिना अपनी मर्जी से फैसले कर सकते हैं. मध्याह्न के बाद खान-पान में ध्यान रखिएगा.

आपके वैवाहिक जीवन में जो दिक्कतें चल रही थी वो अब कम हो जाएंगी. प्रेमी से आज ज्यादा बात नहीं हो पाएगी. पार्टनर की जरूरतों को महत्व दें.

**विशेष :-** कुंडली विचार आवश्यक है। उपरोक्त राशिफल में भी अंतर सम्भव है। अतः अपने ज्योतिष मित्र से सलाह अवश्य लें। उचित मार्ग हेतु यह छोटा सा प्रयास भविष्य को सुरक्षित करने हेतु, सकारात्मक परिणाम को अंकित करता है।

**नमो नारायण नारायणी नमोस्तुते....**

# मीरा भायंदर में गुटबाजी पर बोले बावनकुले

## 200 से अधिक विस तथा 45 से अधिक लोस सीट पर जीत हासिल करना लक्ष्य

**भायंदर :** महाराष्ट्र के सभी जिलों में बीजेपी की अलख जगाने निकले महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने रविवार को मीरा भायंदर के जीसीसी क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए कहा कि किसी भी जिले में संगठन को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए वहां के जिलाध्यक्ष को सर्वोपरि अधिकार दिया गया है। जो लोग गुटबाजी करके संगठन को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं, पार्टी उन पर नजर बनाए हुए हैं तथा समय आने पर उन्हें इसका अंजाम भुगतना होगा। इस अवलर पर मीरा भायंदर के जिलाध्यक्ष एडवोकेट रवि व्यास, विधायक गीता जैन ,पूर्व



विधायक नरेंद्र मेहता उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि संपूर्ण महाराष्ट्र में धन्यवाद मोदी के स्लोगन के साथ वे लोगों के बीच जा रहे हैं। महाराष्ट्र की 200 से अधिक विधानसभा तथा 45 से अधिक लोकसभा सीट पर जीत हासिल करना उनका संकल्प है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा कार्यकताओं की एक लंबी फौज उनके साथ है। राहुल गांधी की यात्रा पर चुटकी लेते हुए बावनकुले ने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेताओं ने राहुल गांधी की यात्रा को हाईजैक कर लिया है। कांग्रेस के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता तेजी से भाजपा के खेमे में शामिल हो रहे हैं। महाराष्ट्र की ढाई साल महाविकास आघाड़ी सरकार पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह से अनाचार, दुराचार और भ्रष्टाचार में डूबी रही। शिंदेझ्रफडणवीस सरकार 2 सालों में 5 साल के बराबर काम कर महाराष्ट्र को विकास के पथ पर ले जायेगी।

# पत्नी को अजनबी से शारीरिक संबंध बनाने के लिए किया मजबूर

**महाराष्ट्र :** कई बार कुछ ऐसे मामले सामने आते है जिसके बारे में हम कभी सोच भी नहीं सकते। ऐसा ही एक चौंका देने वाला मामला महाराष्ट्र के बीड से सामने आया है। आपको जानकर हैरानी होगी लेकिन बता दें कि एक शख्स ने बीड के मजालगांव कस्बे में अपनी ही पत्नी को किसी अजनबी से शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पति व दरिंदे अजनबी शख्स के खिलाफ परली ग्रामीण थाने में मामला दर्ज किया गया है. आरोपियों को बाशेद इनामदार और नासिर शेख (महिला के पति) के रूप में दर्ज किया गया है। माजलगांव



तालुका में बाशेद इनामदार नाम का एक व्यक्ति एक विवाहित महिला के घर में घुस गया और महिला के साथ यौन संबंध बनाने की मांग करने लगा। यह सब महिला के पति के सामने हो रहा था। इसी दौरान महिला चिल्लाने लगी। उस समय बाशेद इनामदार ने चिल्लाया और महिला को जबरन गाली देने पर आपके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी।

CMYK

# पवित्र पंचांग स्वयं भी पढ़ें एवं जनहितार्थ, अपने सभी शुभचिंतकों को भी प्रेषित कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

**आज का हिन्दू पंचांग सहित पवित्र राशिफल**

- दिनांक - 07 नवम्बर 2022
- दिन - सोमवार
- विक्रम संवत - 2079
- शक संवत - 1944
- कलि सम्वत - 5124
- ऋतु - हेमंत
- मास - कार्तिक
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - चतुर्दशी 16:18 तक तत्पश्चात पूर्णिमा तिथि प्रारंभ
- नक्षत्र - अश्विनी प्रातः 08 नवम्बर 00:38 (07 नवम्बर रात्री) तक पश्चात भरणी
- योग - सिद्धि 22:35 तक तत्पश्चात व्यतिपात
- राहु काल - प्रातः 07:57 से 09:19 तक
- अभिजीत मुहूर्त - प्रातः 11.40 से 12.24 तक
- सूर्योदय - 06:35 पर
- सूर्यास्त - 17:29 पर
- चंद्रोदय - 16:52 पर
- चंद्रास्त - प्रातः 08 नवम्बर 06:15 पर

*स्थानीय समयानुसार अभिजीत मुहूर्त, राहुकाल सूर्यास्त सूर्योदय चंद्रोदय, चंद्रास्त समय में अंतर सम्भव है.

- दिशा शूल - पूर्व दिशा में

व्रत पर्व विवरण - व्यतिपात योग, त्रिपुरारि पूर्णिमा

विशेष - चतुर्दशी और पूर्णिमा के दिन स्त्री-सहवास तथा तिल का तेल खाना और लगाना निषिद्ध है। (ब्रह्मवैवर्त पुराण, ब्रह्म खंडः 27.29-38)

व्यतिपात योग ■

व्यतिपात योग की ऐसी महिमा है कि उस समय जप, पाठ, प्राणायम, माला से जप या मानसिक जप करने से भगवान सूर्यनारायण की प्रसन्नता प्राप्त होती है । जप करने वालों को उसका १ लाख गुना फल मिलता है। -वराह पुराण

खग्रास चन्द्रग्रहण - 8 नवम्बर 2022

दिनांक 8 नवम्बर 2022, कार्तिक पूर्णिमा को खग्रास चन्द्रग्रहण है । ग्रहण पूरे भारत में दिखेगा । भारत के अलावा एशिया, आस्ट्रेलिया, पैसेफिक क्षेत्र, उत्तरी और मध्य अमेरिका में भी ग्रहण दिखेगा । जहाँ ग्रहण दिखायी देगा, वहाँ पर नियम पालनीय हैं ।

देश और विदेशों में कुछ प्रमुख शहरों के ग्रहण के प्रारम्भ और समाप्त होने का समय नीचे दिया गया है ।

भारत में ग्रहण समय -

शहर का नाम - प्रारम्भ (शाम) - समाप्त (शाम)

ईटानगर - 4:28 से 6:18 तक
गुवाहटी - 4:37 से 6:18 तक
गंगटोक - 4:48 से 6:18 तक
कोलकाता - 4:56 से 6:18 तक
पटना - 5:05 से 6:18 तक
राँची - 5:07 से 6:18 तक
भुवनेश्वर - 5:10 से 6:18 तक
ब्रह्मपुर - 5:15 से 6:18 तक
प्रयागराज - 5:18 से 6:18 तक
लखनऊ - 5:20 से 06:18 तक
कानपुर - 5:23 से 6:18 तक
विशाखापट्टनम - 5:24 से 6:18 तक
रायपुर (छ.ग.) - 5:25 से 6:18 तक
हरिद्वार - 5:26 से 6:18 तक
धर्मशाला - 5:30 से 6:18 तक
चंडीगढ़ - 5:31 से 6:18 तक
नई दिल्ली - 5:32 से 6:18 तक
जम्मू - 5:35 से 6:18 तक
नागपुर - 5:36 से 6:18 तक
भोपाल - 5:40 से 6:18 तक
जयपुर - 5:41 से 6:18 तक
चेन्नई - 5:42 से 6:18 तक
हैदराबाद - 5:44 से 6:18 तक
उज्जैन - 5:47 से 6:18 तक
जोधपुर - 5:53 से 6:18 तक
बेंगलुरु - 5-53 से 6:18 तक
नासिक - 5:55 से 6:18 तक
अहमदाबाद - 6:00 से 6:18 तक
वडोदरा - 05:59 से 06:18 तक
पुणे -6:01 से 6:18 तक
सूरत - 6:02 से 6:18 तक
तिरुवनन्तपुरम - 6:02 से 6:18 तक
मुंबई - 6:05 से 6:18 तक
पणजी (गोवा) - 6:06 से 6:18 तक
जामनगर - 6:11 से 6:18 तक

भारत के जिन शहरों के नाम ऊपर सूची में नहीं दिये गये हैं, वहाँ के लिए अपने नजदीकी शहर के ग्रहण का समय देखें ।

विदेशों में ग्रहण समय -

अफगानिस्तान (काबुल) - शाम 4:55 से शाम 5:18 तक
ताईवान (ताईपे) - शाम 5:10 से रात्रि 8:48 तक
पाकिस्तान (इस्लामाबाद) - शाम 5:11 से शाम 5:48 तक
भूटान (थिम्पू) - शाम 5:13 से शाम 6:48 तक
नेपाल (काठमांडू) - शाम 5:16 से शाम 6:33 तक
बांग्लादेश (ढाका) - शाम 5:16 से शाम 6:48 तक
बर्मा (नेपीडॉ) - शाम 5:28 से रात्रि 7:18 तक
हाँगकाँग (हाँगकाँग) - शाम 5:40 से रात्रि 8:48 तक
इंडोनेशिया (जकार्ता) - शाम 5:47 से रात्रि 7:48 तक
थाईलैंड (बैंकॉक) - शाम 5:48 से रात्रि 7:48 तक
श्रीलंका (कोलंबो) - शाम 5:52 से शाम 6:18 तक
सिंगापुर (सिंगापुर) - शाम 6:50 से रात्रि 8:48 तक
ऑस्ट्रेलिया (कैनबरा) - रात्रि 8:10 से रात्रि 11:48 तक




अमेरिका तथा कनाडा के लिए नीचे लिखा गया ग्रहण समय स्थानीय समयानुसार 7 नवम्बर मध्यरात्रि के बाद का है अर्थात 8 नवम्बर 00-00 ए. एम के बाद से ।

अमेरिका (सैनजोस, कैलिफोर्निया) - सुबह 1:10 ए.एम से सुबह 4-48 ए.एम तक
अमेरिका (शिकागो) - सुबह 3:10 से सुबह 6:36 तक
अमेरिका (बोस्टन) - सुबह 4:10 से सुबह 6:28 तक
अमेरिका (न्यूयॉर्क) - सुबह 4:10 से सुबह 6:36 तक
अमेरिका (न्यूजर्सी) - सुबह 4:10 से सुबह 6:36 तक
अमेरिका (वाशिंगटन डी.सी.) - सुबह 4:10 से सुबह 6:45 तक
कनाडा (टोरंटो, ओंटारियो) - सुबह 4:10 से सुबह 7:06 तक

ग्रहण सूतक

चंद्रग्रहण प्रारम्भ होने से तीन प्रहर (9 घंटे) पूर्व सूतक (ग्रहण-वेध) प्रारम्भ हो जाता है ।

उदाहरण

अहमदाबाद में ग्रहण समय - शाम 6:00 से 6:18 तक

अहमदाबाद में सूतक प्रारम्भ - सुबह 9-00 बजे से

-हिंदू पंचांग -

सूर्योदय समय आज का नवग्रह गोचर...

लग्न - तुला नक्षत्र - स्वाति
01. सूर्य , तुला विशाखा
02. चंद्र , मेष अश्विनी
03. मंगल , मिथुन म■गशिरा
04. गुरु , मीन उ भाद्रपद
05. बुध , तुला स्वाति
06. शनि , मकर धनिष्ठा
07. राहु , मेष भरणी
08. केतु , तुला स्वाति
09. शुक्र , तुला विशाखा
10. अरुण , मेष भरणी
11. वरुण , कुम्भपू भाद्रपद
12. यम , मकर उ आषाढ़

**नवम्बर 2022 व्रत, त्योहार एवं इवेंट्स-**

6 नवंबर, रविवार- बैकुंठ चतुर्दशी..... बैकुंठ चतुर्दशी हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु और भगवान शिव की पूजा करने से उनकी कृपा प्राप्त होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जो भी जातक इस दनि श्रीहरी की पूजा करते हैं या व्रत रखते हैं उन्हें बैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है।

**7 नवंबर, सोमवार- देव दीपावली......** सनातन धर्म में दिवाली के ही समान देव दिवाली का पर्व भी मनाया जाता है। दीपावली का यह छोटा संस्करण, देव दिवाली, दिवाली के वास्तविक त्योहार के बाद आने वाली पूर्णिमा को मनाया जाता है। इसे त्रिपुरोत्सव अथवा त्रिपुरारी पूर्णिमा भी कहा जाता है। देव दीपावली हिंदू कैलेंडर के अनुसार कार्तिक महीने में आती है। इसके अलावा, कार्तिक पूर्णिमा (पूर्णिमा दिवस) भारत के प्रमुख हिस्सों में मनाया जाता है। देव दीपावली के मौके पर न सिर्फ बच्चे बल्कि बड़े भी पटाखे फोड़कर जश्न में शामिल होते हैं। कुछ प्राचीन मिथक बताते हैं कि देव दीपावली के इस शुभ दिन को मनाने के लिए देवी-देवता भी स्वर्ग से उतरते हैं।

राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस, शिशु सुरक्षा दिवस

8 नवंबर, मंगलवार- कार्तिक पूर्णिमा, चंद्र ग्रहण....गुरु नानक जयंती..... कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है। इस दिन गंगा सहित कई पवित्र नदियों में स्नान आदि करना का काफी महत्व है। पूर्णिमा तिथि के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। इस दिन पूरे विधि विधान से पूजा करने से विशेष फल मिलता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरा नाम के राक्षस का अंत किया था। इसलिए इसे त्रिपुरी पूर्णिमा भी कहते हैं। इसके अलावा इसी दिन भगवान विष्णु का प्रथम अवतार यानी मत्स्य अवतार में भी इसी दिन प्रकट हुए थे। इस दिन गुरु नानक जयंती भी है। दरअसल, सिख समुदाय के लोग कार्तिक पूर्णिमा दिन गुरु नानक देव जी का जन्मदिन प्रकाश पर्व के रूप में मनाते हैं।

09 नवंबर, बुधवार - मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्षारम्भ। मार्गशीर्ष मासीय व्रत.... राष्ट्रीय कानूनी सेवा दिवस, उत्तराखंड स्थापना दिवस

10 नवंबर, गुरुवार - परिवहन दिवस

11 नवंबर, शुक्रवार - सौभाग्य सुन्दरी व्रत।

12 नवंबर, शनिवार- संकष्टी चतुर्थी....गणेश चतुर्थी व्रत भगवान श्री गणेश जी को समर्पित है। इस दिन गणेश जी की विशेष पूजा की जाती है। पंचांग के अनुसार हर महीने में दो चतुर्थी आती हैं। एक शुक्ल पक्ष में और एक कृष्ण पक्ष में। हर महीने आने वाली कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को संकष्टी चतुर्थी कहा जाता है, जबकि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को विनायक चतुर्थी कहा जाता है.....

विश्व निमोनिया दिवस

13 नवंबर, रविवार - विश्व दया दिवस

14 नवंबर, सोमवार - बाल दिवस, विश्व मधुमेह दिवस

16 नवंबर, बुधवार- वृश्चिक संक्रांति, काल भैरव जन्मोत्सव....भैरव अष्टमी के दिन व्रत और पूजा करने से व्यक्ति को शत्रुओं का भय नहीं रहता। इस दिन भैरव बाबा की पूजा की जाती है। काल भैरव की पूजा उपासना करने से व्यक्ति का सेरा संकट दूर होते हैं। इस दिन सुबह स्नान आदि के बाद पितरों का तर्पण और श्राद्ध आदि करके काल भैरव की पूजा करनी चाहिए।

17 नवंबर, गुरुवार- राष्ट्रीय मिर्गी दिवस

19 नवंबर, शनिवार- विश्व शौचालय दिवस, अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस

20 नवंबर, रविवार- उत्पन्ना एकादशी.....उत्पन्ना एकादशी का पर्व को लेकर कई सारी मान्यताएं है। ऐसा माना जाता है कि जो कोई भी इस दिन देवी एकादशी की पूजा करता है, उसे अपने पिछले पापों से छुटकारा मिल जाता है। कुछ भक्तों का यह भी मानना है कि यह व्यक्ति को मृत्यु के बाद मोक्ष प्राप्त करने में मदद करता है। उसे वैकुंठ धाम में जगह मिलती है। मान्यता के अनुसार उत्पन्ना एकादशी की महिमा 1000 गायों का दान करने से भी अधिक है। उत्पन्ना एकादशी का व्रत रखने वाले लोग देवताओं की त्रिमूर्ति ब्र भगवान ब्रह्मा, भगवान विष्णु और भगवान महेश को भी प्रसन्न कर सकते हैं। इसके अलावा, लोग विष्णु पूजा के दौरान देवी एकादशी की पूजा करते समय विशेष विष्णु मंत्र का जाप करते हैं...... अफ्रीका औद्योगीकरण दिवस, सार्वभौमिक बाल दिवस

21 नवंबर, सोमवार- प्रदोष व्रत (कृष्ण)..... विश्व टेलीविजन दिवस

22 नवंबर, मंगलवार- मासिक शिवरात्रि........प्रत्येक महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मासिक शिवरात्रि मनाई जाती है। इस दिन भगवान शिव की पूजा का विधान है। कई लोग प्रत्येक शिवरात्रि पर व्रत भी करते हैं। कहते हैं इस व्रत की महिमा से जीवन से जुड़ी सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं। ये व्रत महिला और पुरुष दोनों कर सकते हैं। इस व्रत को करने से हर मुश्किल कार्य आसान हो जाता है। शिव पुराण के अनुसार जो भी सच्चे मन से इस व्रत को करता है उसकी सारी इच्छाएं पूरी हो जाती हैं। जानिए शिवरात्रि के दिन किन उपायों को करने से धन संबंधी सभी दिक्कतें होती हैं दूर।

23 नवंबर, बुधवार- मार्ग शीर्ष अमावस्या

25 नवंबर, शुक्रवार- महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस

26 नवंबर, शनिवार- कानून दिवस (भारत)


27 नवंबर . रविवार - वैनायकी श्री गणेश चतुर्थी व्रत।

28 नवंबर . सोमवार - श्री राम विवाहोत्सव.....पौराणिक धार्मिक ग्रथों में बताया गया है कि इसी दिन जनक नंदनी माता सीता और दशरथनंदन प्रभु श्रीराम का विवाह संपन्न हुआ था। इस प्रसंग का विवरण श्रीरामचरितमानस में भी तुलसीदास जी ने किया है। मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम और माता सीता के विवाह के कारण ही इस दिन को बहुत शुभ माना जाता है। भारतीय संस्कृति में प्रभु श्री राम और माता सीता को आदर्श दंपती माना जाता हैं। जिस तरह प्रभु श्रीराम ने हमेशा अपनी मयार्दा बनाए रखकर पुरुषोत्तम का पद पाया, ठीक उसी तरह माता सीता ने अपनी पवित्रता को साबित कर सारे संसार के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया।

29 नवंबर . रविवार - चंपाषष्ठी....चंपा षष्ठी मार्गशीर्ष मास में शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि का व्रत रखा जाता है। इस दिन भगवान शिव के मार्कंडेय स्वरूप और भगवान कार्तिकेय की पूजा की जाती है। इस व्रत को रखने से जीवन में प्रसन्नता बनी रहती है। इतना ही नहीं इस दिन भगवान शिव की पूजा और व्रत करने से भक्तों के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं,...... फि लिस्तीनी लोगों के साथ एकजुटता का अंतर्राष्ट्रीय दिवस



# ‘फालतू में किया बायकॉट’, ओटीटी पर ब्रह्मास्त्र देख आया फैंस का रिएक्शन, उठी थिएटर रिलीज की मांग!




**बॉलीवुड** अभिनेता रणबीर कपूर और आलिया भट्ट स्टारर ‘ब्रह्मास्त्र पार्ट वन- शिवा’ एक बार फिर चर्चा में है। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 430 करोड़ रुपये की कमाई करने के बाद अब यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर ट्रेंड कर रही है। इतना ही नहीं यूजर्स सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। हालांकि, इन सबके बीच जिस चीज ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया वहा था सोशल मीडिया पर ट्रेंड हो रहा हैशटैग सॉरी।

दरअसल, मेकर्स ने 4 नवंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर ‘ब्रह्मास्त्र पार्ट वन- शिवा’ को रिलीज कर दिया है। जिन लोगों ने सिनेमाघरों में अयान मुखर्जी की फिल्म का लुत्फ नहीं लिया था, वह अब ओटीटी पर फिल्म देख रहे हैं। और सोशल मीडिया पर फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। इसके साथ ही लोग हैशटैग सॉरी के साथ फिल्म को बायकॉट करने के लिए मेकर्स से माफी भी मांग रहे हैं।

एक यूजर ने ट्वीट करते हुए लिखा, ‘वाओ.... ब्रह्मास्त्र, विजुअली और कॉन्सेप्ट वाइज काफी अच्छी फिल्म है। काश मैं इसे थिएटर में देख पाती। सालभर में ऐसा पहली बार हुआ है जब मैंने बिना रुके पूरी फिल्म देखी हो। दूसरे पार्ट का इंतजार नहीं कर पा रही हूं’। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, ‘मैंने आधी ब्रह्मास्त्र देख ली है। बाकी फिल्म रात में खत्म करूंगा। हिंदू मायथोलॉजी पर शानदार फिल्म है।


# प्रभास का वीडियो शेयर कर बुरा फंसा नेटफ्लिक्स, फैंस ने दी ‘अनसब्सक्राइब’ की धमकी




प्रभास की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले आदिपुरुष की वजह से उन्हें ट्रोल्स का सामना करना पड़ा था। वहीं, अब उनकी फ्लॉप फिल्म ‘साहो’ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, नेटफ्लिक्स इंडोनेशिया ने प्रभास का मजाक उड़ाते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडिया शेयर किया है। हालांकि, फैंस अपने सुपरस्टर का मजाक उड़ता देख भड़क गए हैं। वह, नेटफ्लिक्स को अनसब्सक्राइब की धमकी दे रहे हैं। इतना ही नहीं फैस सोशल मीडिया पर ‘अनसब्सक्राइब नेटफ्लिक्स’ नाम का हैशटैग भी ट्रेंड करवा रहे हैं। लेकिन अब सवाल यह उठता है कि नेटफ्लिक्स ने प्रभास का वीडियो शेयर कर ऐसा क्या लिखा जो नटिजन इतना भड़क गए हैं?

नेटफ्लिक्स इंडोनेशिया ने सोशल मीडिया पर फिल्म ‘साहो’ का एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में प्रभास, एक ऊंचे पहाड़ से छलांग लगाते हुए किसी रॉकेट की तरह उड़ते हुए एक बैग को पकड़ने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं। नेटफ्लिक्स इंडोनेशिया ने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ‘‘कामू नीनया इनी अकी आपा?’’, जिसका अंग्रेजी अनुवाद है,’’व्हाट एक्शन इज दिस?’’ बता दें कि प्रभास के फैंस इस ट्वीट बेइज्जती के तौर पर देख रहे हैं। यही कारण है कि वह हैशटैग अनसब्सक्राइब नेटफ्लिक्स ट्रेंड करवा रहे हैं। बता दें कि नेटफ्लिक्स इंडोनेशिया ने बाद में अपने इस ट्वीट को डिलीट कर दिया है। ट्विटर पर फैंस पोस्ट शेयर कर प्रभास का सपोर्ट कर रहे हैं। एक फैन ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ‘ट्विटर पर एक बड़ी त्रासदी का सामना करने के लिए तैयार हो जाइए’। एक अन्य यूजर ने अपने ट्वीट पर वीडियो शेयर किया, जिसमें वह नेटफ्लिक्स का एप अनइंस्टॉल करते दिखाई दे रहा है। इस वीडियो शेयर करते हुए यूजर ने लिखा, ’इस एप को छोड़ने का समय आ गया है। अब कभी यहां वापस नहीं आऊंगा और दोस्तों को भी इस खराब एप की सदस्यता न लेने की सलाह दूंगा’। तो वहीं एक यूजर ने लिखा, ‘बस बहुत हो गया हम आपकी मेम्बरशिप छोड़ रहे हैं।’

# अर्जुन कपूर की फिल्म ‘कुत्ते’ की नई रिलीज डेट अनाउंस, इस तारीख को सिनेमाघरों में देगी दस्तक




फिल्ममेकर विशाल भारद्वाज की मल्टी-स्टारर फिल्म ‘कुत्ते’ की नई रिलीज डेट अनाउंस कर दी गई है. ये फिल्म अगले साल 13 जनवरी 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. इस फिल्म में अर्जुन कपूर, कोंकणा सेन शर्मा, नसीरुद्दीन शाह, तब्बू और राधिका मदान जैसे एक्टर लीड रोल में हैं. फिल्ममेकर लव रंजन, विशाल भारद्वाज, अंकुर गर्ग और रेखा भारद्वाज के प्रोडक्शन में बन रही इस फिल्म से विशाल भारद्वाज के बेटे आसमान भारद्वाज डायरेक्शन में डेब्यू कर रहे हैं. फिल्म को भूषण कुमार की टी-सीरीज प्रेजेंट कर रही है. लव फिल्मस के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस की गई है. ‘मकबूल’, ‘ओमकारा’ और ‘कमीने’ जैसी सुपरहिट फिल्मों को डायरेक्ट करने वाले विशाल भारद्वाज के बेटे आसमान भारद्वाज ने स्कूल ऑफ विजुअल आर्ट्स, न्यूयॉर्क में फिल्म मेकिंग में ग्रेजुएशन किया है. उन्होंने ‘7 खून माफ’, ‘मटरू की बिजली का मंडोला’ और ‘पटाखा’ में अपने पिता को असिस्ट भी किया था.

# बिपाशा बसु ने कराया बोल्ड अंदाज में मैटरनिटी फोटोशूट, यूजर्स बोले- अश्लीलता की हद...



अभिनेत्री बिपाशा बसु इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें और वीडियोज साझा करती रहती हैं, जिन पर फैंस प्यार भी लुटाते नजर आते हैं। अब बिपाशा ने मैटरनिटी फोटोशूट कराया है, जिसकी तस्वीर उन्होंने इंस्टाग्राम पर साझा की है। हालांकि इस बार अपने इस फोटोशूट की वजह से वह काफी ट्रोल हो रही हैं। कुछ यूजर्स को उनका बोल्ड अंदाज में मैटरनिटी फोटोशूट करवाना रास नहीं आया और बिपाशा की तस्वीर वायरल होते ही लोग एक के बाद एक प्रतिक्रिया देते नजर आ रहे हैं।

मैटरनिटी फोटोशूट में बिपाशा बसु ने गोल्डन कलर के कपड़े से खुद को कवर किया हुआ है और उन्हें स्टूल पर बैठकर बेबी बंप फ्लॉन्ट करते देखा जा सकता है। एक्ट्रेस के चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो नजर आ रहा है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए बिपाशा ने कैप्शन में लिखा- ‘हर समय खुद से प्यार करें, जिस शरीर में आप रहते हैं उससे प्यार करें’। उनकी इस तस्वीर को पैपराजी पेज वायरल भयानी से भी री-शेयर किया गया है और तस्वीर वायरल होते ही ट्रोलर्स ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया है।

बिपाशा बसु की मैटरनिटी फोटोशूट की तस्वीर पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा- ‘कम

# खुद से आधी उम्र की अंकिता से शादी कर चर्चा में आए थे मिलिंद



फिटनेस को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाले मिलिंद सोमन बॉलीवुड, टेलीविजन और मॉडलिंग जगत तीनों ही जगह अपनी एक अलग पहचान बनाने में कामयाब रहे हैं। बतौर मॉडल अपने करियर की शुरूआत करने वाले मिलिंद सोमन आज भी जब रैंप पर उतरते हैं, तो यंग मॉडल उनके आगे फीके नजर आते हैं। मिलिंद ने खुद से 26 साल छोटी लड़की अंकिता कोंवर से शादी कर खूब सुर्खियां बटोरी थीं। 4 नवंबर 1965 को जन्मे मिलिंद सोमन आज अपना 57वां जन्मदिन मना रहे हैं। मिलिंद सोमन और अंकिता कोंवर की पहली मुलाकात एक नाइट क्लब में हुई थी। इस दौरान दोनों एक-दूसरे को देख कर अनदेखा नहीं कर पा रहे थे और बार-बार नजरें टकरा रही थीं। ऐसे में हिम्मत जुटाकर अंकिता ने मिलिंद को डांस के लिए पूछा और उन्होंने हां कर दी। इसके बाद दोनों ने डांस किया और अंकिता ने मिलिंद से उनका नंबर मांगा लिया। कुछ दिनों तक दोनों ने फोन पर बात की और अच्छे दोस्त बन गए।

मिलिंद सोमन और अंकिता कोंवर की दोस्ती दिनों दिन गहरी होती जा रही थी और इसी बीच अंतिका पर दुखों का पहाड़ टूट गया। अंकिता के बॉयफ्रेंड की मौत हो गई, जिसने उन्हें बुरी तरह तोड़ दिया। इस दर्द से उभरने में मिलिंद सोमन ने अंकिता का काफी साथ दिया।

# आलिया भट्ट -रणबीर कपूर के घर गूंजी किलकारियां, नन्हीं परी ने रखे कदम



बॉलीवुड फिल्म स्टार आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के घर में किलकारियां गूंज उठी हैं। आज सुबह ही अदाकारा आलिया भट्ट को मुंबई के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां अदाकारा ने एक बेटी को जन्म दिया है। सामने आ रही ताजा मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रणबीर कपूर और आलिया भट्ट एक बेटी के पैरेंट्स बने हैं। इस खबर के सामने आते ही इस स्टार कपल के फैंस में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। हालांकि अभी तक खुद इस स्टार कपल के परिवार की ओर से ये जानकारी साझा नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से ही बॉलीवुड लाइफ को ये खबर पता चली है। जिसके बाद हमें भी इन खबरों के आधिकारिक ऐलान का इंतजार है। हालांकि सोशल मीडिया पर बज है कि ये स्टार कपल एक बेटी के पैरेंट्स बन चुके हैं।

बता दें कि रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने इसी साल शादी रचाई है। दोनों ने 14 अप्रैल 2022 में एक दूसरे संग सात फेरे लिए। इनकी शादी एक इंटीमेट तरीके से हुई। जहां दोनों स्टार कपल ने अपने घर की छत पर ही पारंपरिक तरीके से शादी रचाई थी।

# नाबालिग पत्नी से जबरन यौन संबंध दुष्कर्म माना जाए...

## दिल्ली के एलजी ने गृह मंत्रालय को लिखी चिट्ठी

**दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने गृह मंत्रालय से 15 से 18 वर्ष के बीच की नाबालिग पत्नी के साथ बनाए गए जबरन यौन संबंध को दुष्कर्म की श्रेणी में रखने की सिफारिश की है।इसे लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना के माध्यम से दिल्ली पुलिस ने गृह मंत्रालय को एक पत्र भेजा है। इस पत्र में सक्सेना ने गृह मंत्रालय से आईपीसी की धारा 375 के अपवाद 2 को खत्म करने की सिफारिश की गई है। अपवाद 2 में यह प्रावधान किया गया है कि यदि 15 से 18 वर्ष के बीच की लड़की की शादी हो जाती है, तो उसका पति उसके साथ गैर-सहमति से यौन संबंध बना सकता है और आईपीसी के तहत उसे दंडित करने का प्रावधान नहीं है। अगर गृह मंत्रालय द्वारा इस सिफारिश



को लागू किया जाता है और आईपीसी में संशोधन किया जाता है, तो 15 से 18 वर्ष के बीच की पत्नी के साथ गैर-सहमति से यौन संबंध बलात्कार की श्रेणी में आएगा और आईपीसी के तहत दंडनीय होगा। इसमें पति के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर होगी। यह पॉक्सो एक्ट के बीच की विसंगति को भी दूर करेगा। दिल्ली पुलिस एवं कानून विभाग की तरफ से यह पत्र गृह मंत्रालय द्वारा भेजे गए एक पत्र के जवाब में भेजा गया है। दिल्ली हाईकोर्ट में दायर की गई एक याचिका के चलते इस विषय पर दिल्ली सरकार की राय मांगी गई थी।

याचिका में कहा गया है कि आईपीसी की धारा 375(2) को खत्म किया जाए क्योंकि यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन करती है। यह पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है, जो एक बच्चे को 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति के रूप में परिभाषित करता है। चूंकि विषय ह्णआपराधिक कानूनह्व समवर्ती सूची में है और राज्य / केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा लागू किया गया है, इसके दूरगामी परिणामों के मद्देनजर गृह मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों / केंद्र शासित प्रदेशों से विचार / टिप्पणियां मांगी थीं।

## पनवेल - शील मार्ग के अतिक्रमण से वाहन चालक त्रस्त...

(पेज १ का शेष.... ) है आम जनता के लिये। क्या कानून सिर्फ आम जनता के लिए है? कानून सुरक्षा व्यवस्था देखने वालो के लिए नही है? इस मार्ग पर पथ कर नाका है। इस पथ कर नाके पर वाहनों से कर वसूला जाता है लेकिन इस पथ कर नाका चलाने वाली कंपनी आय. आर. बी. ने वाहन चालक को कोई भी सुविधा मुहैया नहीं की है। नीयम के अनुसार पथ कर नाके पर दोनों बाजू में शौचालय की सुविधा होनी चाहिये और यदि सडक की स्थिति अच्छी नहीं हो तो पथ कर नहीं लेना चाहिए। 100 मीटर की दूरी तक यदि वाहन की लंबी कतार हो तो भी पथ कर वसूलना नहीं चाहिये लेकिन यहां पर ना सडक की स्थिति अच्छी है ना उसकी मरम्मत की जाती है और ना ही शौचालय की सुविधा है। वैसे ही सड़क की स्थिती खराब होने के कारण वाहन चालक को वाहनो का खर्चा तो बढ़ता ही है लेकिन शारीरिक और मानसिक कष्ट का भी सामना करना पडता है। 100 मीटर की दूरी पर चक्काजाम होना यहां आम बात है। यहां पर सुविधा ना मिलती हो तो पथ कर नाके को हमेशा के लिए बंद करना चाहिए या आय. आर. बी. कंपनी को इस पथ कर वसुली काम से जुर्माना लेकर हटाना चाहिए।

इस मार्ग पर हो रही इन समस्याओं को नजर अंदाज करने वाले सार्वजनिक निर्माण विभाग अधिकारी और पुलिस पर कानूनी कार्रवाई की जरूरत है और यदि ऐसा नहीं हुआ, तो जल्द ही एक जन आंदोलन करने का इशारा एक संघटन ने दिया है।

# शिवसेना की शाखा पर चला प्रशासन का बुलडोजर !

## सुभाष भोईर बोले- शिंदे गुट जान-बूझकर परेशान कर रहा है...



**ठाणे :** शिवसेना में एकनाथ शिंदे के बगावत के बाद 40 विधायक और सांसद भी उनके साथ गए। इससे राज्य में शिवसेना में बड़ा बंटवारा हो गया। लेकिन इसके बावजूद दोनों गुटों के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। दिवा परिसर में शिवसेना शाखा पर महानगरपालिका प्रशासन द्वारा तोड़क कार्रवाई किये जाने को लेकर पूर्व विधायक सुभाष भोईर ने शिंदे गुट पर निशाना साधा है और इसे काला दिन करार दिया। कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के दहिसर गांव में शिवसेना की पुरानी शाखा को प्रशासन ने अवैध बताते हुए गुरुवार को बुलडोजर चल दिया। जिससे ठाकरे गुट के शिवसेना कार्यकताओं ने इस पर नाराजगी जताई है। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के कार्यकताओं का कहना है कि हमारी शाखा पिछले 40 साल से सर्वे नंबर 63 में है।इसके तहत केंद्र सरकार का डाकघर था। बगल में ग्राम पंचायत कार्यालय और उसके ऊपर सरपंच कार्यालय है। फिर भी शिवसेना की ही शाखा तोड़ी गई। यह एक प्रकार से राजनीति से प्रेरित है। शिवसैनिकों का कहना है कि उस समय वे शिवसैनिक थे और अब शिवसैनिक नहीं, यह राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है। पूर्व विधायक और ठाकरे गुट के जिला संपर्क प्रमुख सुभाष भोईर ने शिंदे गुट पर हमला बोला है। भोईर का कहना है कि शिवसेना कार्यकताओं ने शाखा प्रमुखों ने इन शाखाओं की स्थापना की थी।

## पालघर में महाराष्ट्र रोडवेज की दो बसें भिड़ीं, 20 यात्री घायल



**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित जव्हार-सिलवासा रोड पर आज महाराष्ट्र रोडवेज की दो बसें भिड़ंत हो गईं। इस हादसे में कमसे कम 20 यात्री घायल हुए हैं। पालघर पुलिस के अनुसार बसों की टक्कर से घायल हुए यात्रियों को इलाज के लिए निकट के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगे की जांच पुलिस कर रही है।

# उद्धव गुट की ऋतुजा लटके मुंबई के अंधेरी ईस्ट से जीतीं

**दूसरे नंबर पर रहा नोटा...!**

**मुंबई :** मुंबई की अंधेरी ईस्ट विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट की ऋतुजा लटके ने जीत हासिल की है। उन्होंने भारी मतों से जीत दर्ज की है। ऋतुजा लटके को कुल 66 हजार 247 वोट पड़े। हालांकि, सबसे दिलचस्प बात ये है कि दूसरे नंबर पर नोटा को वोट पड़े, जिसकी खूब चर्चा हो रही है। नोटा के नाम पर 12 हजार 776 वोट पड़े, जिससे छह अन्य निर्दलीय उम्मीदवार बहुत पीछे रह गए। तीसरे नंबर पर निर्दलीय राजेश त्रिपाठी रहे। उन्हें 1 हजार 569 वोट मिले हैं। मुंबई महानगरपालिका चुनाव से पहले यह जीत ठाकरे गुट के लिए उत्साह बढ़ाने वाली है। इसकी बड़ी वजह यह है कि शिवसेना में टूट के बाद शिवसेना का नाम और इसका चुनाव चिन्ह धनुषबाण चला गया था। उद्धव ठाकरे के गुट का नाम शिवसेना उद्धव



बालासाहेब ठाकरे रखा गया और नया चुनाव चिन्ह मशाल था। कम समय में एक नए चुनाव चिन्ह के साथ ठाकरे गुट ने यह चुनाव जीत लिया है।

**बीजेपी ने अपने उम्मीदवार की अर्जी वापस ली थी**

हालांकि, बीजेपी के चुनावी दौड़ से अपने उम्मीदवार का नाम वापस लेने से यह चुनाव महज औपचारिकता भर रह गया था। बीजेपी ने दिवंगत विधायक रमेश लटके की विधवा ऋतुजा लटके के समर्थन में अपने उम्मीदवार की अर्जी वापस ले ली थी। वहीं, शिंदे गुट ने पहले ही बीजेपी उम्मीदवार के समर्थन में अपने उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला किया था। शिवसेना के रमेश लटके ने अंधेरी ईस्ट विधानसभा सीट का दो बार प्रतिनिधित्व किया था। साल 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना ने 56 सीट पर जीत हासिल की थी। इस साल मई में रमेश लटके के निधन के कारण यह संख्या घटकर 55 रह गई थी।

### शिवसेना में टूट के बाद यह पहला चुनावी मुकाबला

**गौरतलब है कि जून में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में 40 शिवसेना विधायकों ने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह कर दिया था, जिसके बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी सरकार गिर गई थी। इसके बाद शिंदे बीजेपी के साथ गठबंधन में मुख्यमंत्री बने। एमवीए सरकार के गिरने के बाद महाराष्ट्र में यह पहला चुनावी मुकाबला है। एमवीए के घटक दल-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस, दोनों ने ऋतुजा लटके की उम्मीदवारी का समर्थन किया था।**

यह समाचार पत्र मासिक महाराष्ट्र क्राईम्स मालिक, मुद्रक प्रकाशक सिराज चौधरी द्वारा राजीव प्रिंटर्स, ४९६, पंचशील नगर१, नागसेन बुद्ध मंदिर रोड नं३, तिलक नगर, चेम्बुर, मुंबई४०००८९ से मुद्रित करवा कर ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू), मुंबई४०००८३ से प्रकाशित किया । RNI NO. : MAHHIN/1998/02261
संपादक सिराज चौधरी मो. ७७७७०६०६८७ www.maharashtracrimes.in / www.maharashtracrimes.blogspot.in Email : editor@maharashtracrimes.in / maharashtracrimes@gmail.com